हिन्दी दैनिक

RNI- BIHHIN/2012/43368

# नव शक्ति

www.navshaktinews.in

navshakti newspaper patna

वर्ष : 13, अंक : 136 | पटना, मंगलवार, 02 जुलाई, 2024 | पृष्ठ : 8, मूल्य : दो रुपये

# माफी मांगें राहुल गांधी, हिंदू के नफरत फैलाने वाले बयान पर कांग्रेस नेता पर बरसे अमित शाह

**नई दिल्ली**। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले संसद सत्र का आज छठा दिन है। संसद में विपक्ष एक बार फिर हंगामा कर रहा है, विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने लोकसभा में बीजेपी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जो लोग खुद को हिंदू कहते हैं वे 'केवल हिंसा, नफरत और झूठ के बारे में बात करते हैं।' राहुल गांधी के इस बयान पर सत्ता पक्ष ने विरोध जताया है।



राहुल गांधी ने सदन में कहा, हमारे सभी महापुरुषों ने अहिंसा और भय को खत्म करने की बात की है। लेकिन, जो खुद को हिंदू कहते हैं वे केवल हिंसा, नफरत, असत्य के बारे में बात करते हैं, आप हिंदू नहीं हैं। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राहुल गांधी के भाषण को बीच में रोक दिया और कहा कि पूरे हिंदू समुदाय को हिंसक बताना गंभीर मामला है। विपक्ष और सत्तारूढ़ एनडीए के सांसदों के बीच जुबानी जंग के बाद केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी से माफी की मांग की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी ने हिंदुओं का अपमान किया है। बता दें कि सबसे पहले राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव में अयोध्या में मिली हार का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि जनता ने अयोध्या में भाजपा को सबक सिखाया। साथ ही उन्होंने सदन में नीट का मुद्दा भी उठाया, उन्होंने कहा, नीट छात्रों को परीक्षा पर भरोसा नहीं हो रहा। छात्र महीनों तक परीक्षा के लिए मेहनत करते हैं। राहुल ने सदन में भगवान शिव का चित्र दिखाते हुए कहा कि हम सब भगवान शिव की शरण में थे। इसी से हमें ऐसे लोगों से लड़ने में मदद मिली। राहुल गांधी ने संसद में अग्निपथ का मुद्दे पर भी विपक्ष को घेरा। उन्होंने कहा कि छोटे से घर में अग्निवीर शहीद हुआ, लैंडमाइन ब्लास्ट में। देश की सरकार उसे अग्निवीर कहते हैं, और मैं उसे शहीद कहता हूं। उस घर को पेंशन नहीं मिलेगी, शहीद का दर्जा नहीं। उसकी तीन बहने एक साथ रो रही थी। उन्होंने ये भी कहा, हमारी सरकार आएगी तो अग्निवीर हटा देंगे।

# भारतीय रिजर्व बैंक ने अर्नब कुमार चौधरी को नया कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया

**नई दिल्ली**। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) नेअर्नब कुमार चौधरी को कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति बुधवार से प्रभाव में आएगी। चौधरी डीआईसीजीसी सहित तीन विभागों को देखेंगे।



कार्यकारी निदेशक के रूप में पदोन्नत होने से पहले, चौधरी पर्यवेक्षण विभाग में मुख्य महाप्रबंधक-प्रभारी के रूप में कार्यरत थे। रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा कि कार्यकारी निदेशक के रूप में, वह जमा बीमा और ऋण गारंटी निगम (डीआईसीजीसी), विदेशी मुद्रा विभाग और अंतर्राष्ट्रीय विभाग को देखेंगे।

चौधरी एक चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं और उनके पास अर्थशास्त्र में मास्टर डिग्री है। वह आईआईबीएफ (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस) के प्रमाणित सहयोगी भी हैं। उन्हें भारतीय रिजर्व बैंक में तीन दशकों से अधिक का अनुभव है।

उन्होंने वित्तीय संस्थाओं के पर्यवेक्षण के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर काम किया है। चौधरी ने कॉर्पोरेट रणनीति, बजट, लेखा और निर्गम विभाग के क्षेत्र में काम किया है। उन्होंने कई समितियों और कार्य समूहों के सदस्य के रूप में भी काम किया है और नीति निर्माण में योगदान दिया है।

# नेता प्रतिपक्ष का संबोधन संविधान के खिलाफ, देश से मांफी मांगें राहुल : मंगल पांडेय

**पटना**। स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री श्री मंगल पांडेय ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी के हिंदू समाज हिंसक होते हैं वाले बयान की निंदा की है। श्री पांडेय ने कहा कि विपक्ष के नेता के तौर पर संसद में उनका संबोधन न सिर्फ गैरजिम्मेवाराना और संविधान के खिलाफ है, बल्कि पूरे देश के हिंदुओं का अपमान है। इसके लिए उन्हें देश और हिंदू समाज से माफी मांगनी चाहिए। इस तरह की बात करना विपक्ष के नेता को शोभा नहीं देता है। एक ओर भगवान शिव की फोटो दिखा अपने को हिंदू बता उनके रास्ते पर चलने की बात करते हैं, वहीं भाजपा और आरएसएस के लोग हिंदू नहीं हैं, जैसी बात कर देश के सवा सौ करोड़ जनता को अपमानित करने का काम किया है, जिसे देश की जनता कतई बरदाश्त नहीं करेगी। श्री पांडेय ने कहा कि कांग्रेस नेता एक ओर जहां हिंदू समाज को हिंसक बता रहे हैं, वहीं उनका संबोधन संविधान के नियम के विपरीत था। जिसकी इजाजत संविधान कभी नहीं देता है। आसन के समक्ष उनके भड़काऊ संबोधन से ऐसे लगता है कि, उन्हें अभी संसदीय प्रणाली का पूरा ज्ञान नहीं हुआ है। यह कोई पहला मौका नहीं है। इससे पूर्व भी कई बार सदन और मंच पर अपने भाषणों में अपनी जगहसाई करवा चुके हैं। वे क्या बोलेंगे उनको खुद पता नहीं रहता है और न ही राहुल गांधी इसकी तैयारी कर के आते हैं। आखिर राहुल गांधी बार-बार हिंदू समाज की खामियां क्यों गिनाते हैं। उन्हें जिस धर्म से प्यार है उसकी कमियां निकालने से क्यों डर लगता है। उनको सिर्फ सनातन धर्म में ही कमी क्यों दिखती है। वो राम मंदिर का विरोध करते हैं। उसके निर्माण का विरोध करते हैं। राहुल पूरी तरह साबित कर चुके हैं कि इनके दिल में हिंदू धर्म के प्रति अपार नफरत है। चर्चा में बने रहने के लिए हमेशा गलतबयानी कर देश को गुमराह करने की उनकी पुरानी आदत है।

# तीन नए आपराधिक कानून का कांग्रेस ने किया विरोध, सांसद मनीष तिवारी ने लोकसभा में दिया स्थगन नोटिस

**नई दिल्ली**। आज पूरे देश में तीन नए आपराधिक कानून लागू हो रहे हैं। आज से देश में आईपीसी सीआरपीसी और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह तीन नये कानून भारतीय न्याय संहिता भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनिमय लागू हो रहे हैं। नए कानून लागू होने को लेकर विपक्ष ने इसका विरोध किया है। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने ट्वीट करके तीनों कानूनों को तुरंत रोकने की मांग की है। उन्होंने लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव नोटिस दिया।



उन्होंने कहा कि इन कानूनों के जरिए पुलिसिया स्टेट की नींव डाली जा रही है। नए क्रिमिनल कानून भारत को वेलफेयर स्टेट से पुलिस स्टेट बनाने की नींव रखेंगे। उन्होंने कहा कि संसद में इन कानूनों पर फिर से चर्चा हो उसके बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा।कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम ने भी इन कानूनों का विरोध जताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा, आईपीसी, सीआरपीसी और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेने वाले तीन आपराधिक कानून आज से लागू हो गए हैं। 90-99 प्रतिशत तथाकथित नए कानून कट, कॉपी और पेस्ट का काम हैं। जो कार्य मौजूदा तीन कानूनों में कुछ संशोधनों के साथ पूरा किया जा सकता था, उसे एक बेकार प्रक्रिया में बदल दिया गया हैहां, नए कानूनों में कुछ सुधार हुए हैं और हमने उनका स्वागत किया है। इन्हें संशोधन के रूप में पेश किया जा सकता था। वहीं कांग्रेस सांसद बी मनिकम टैगोर ने लोकसभा में नीट मुद्दे पर चर्चा के लिए कामकाज स्थगित करने का नोटिस दिया है।

## नए आपराधिक कानूनों ने पुराने व जटिल ब्रिटिश युग के कानूनों का स्थान लिया है : धामी

**देहरादून**। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार से देश में लागू नए आपराधिक अधिनियमों का स्वागत करते हुए कहा कि इन नए कानूनों ने पुराने और जटिल ब्रिटिश युग के कानूनों का स्थान लिया है।

मुख्यमंत्री ने यहां कहा कि राज्य सरकार जनता को न्याय दिलाने एवं उनके अधिकारों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, नए कानूनों को लागू करने के लिए राज्य सरकार ने पृथक से 20 करोड़ रुपये की धनराशि का प्रावधान किया है। आगे भी इन कानूनों के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

# बोकारो पुलिस ने त्वरित कारवाई कर डैकती कांड का किया उद्भेदन

## नावाडीह डकैती कांड में संलिप्त छह आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

**निर्मल महाराज**

**बोकारो**। बोकारो जिला के नावाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत गुंजरडीह गांव निवासी शांति देवी के घर में 27 जून के मध्य रात्रि अपराधियों द्वारा डकैती की घटना को अंजाम दिया गया था पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश के निदेर्शानुसार बेरमो अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक टीम गठन कर नावाडीह थाना थाना क्षेत्र के बिरनी, गुंजरडीह में छापामारी कर गुड्डु रवानी ,मिथुन कुमार महतो ,संजय कुमार कोडा उर्फ संजय मोदी को तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया ये तीनो अपराधियों के स्वीकारोक्ति बयान के अनुसार रामगढ़ जिला



के नई सराय , अरगड्डा गांव से अमन कुमार चौहान ,दुलारचंद कुमार उर्फ पांचू ,मिथुन करमाली बाकी तीन और अपराधियों को गिरफ्तार कर इनके पास से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल ,काला ब्लू रंग का हीरो पैशन प्रो मोटरसाइकिल ,लूटा गया मोबाइल ,एक मंगलसूत्र ,एक कान बाली ,लूटे गए गुल्लक का अवशेष ,घटना में प्रयुक्त लोहे का फाइटर पांच बरामद किया गया इस छापामारी दल में बेरमो अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,बेरमो अंचल पुलिस निरीक्षक ,नावाडीह थाना प्रभारी, पेंक नारायणपुर थाना प्रभारी,सहित कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे ।उक्त बात की जानकारी पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश ने दी ।



आज दोपहर राष्ट्रपति भवन में भारत की राष्ट्रपति महामहिम श्रीमती द्रौपदी मुरमू से भाजपा के पूर्व सांसद डा आर के सिन्हा ने वरिष्ठ नेता पूर्व राज्य सभा सांसद देवदास आप्टे ( बापू आप्टे ) के साथ मुलाकात की । सिन्हा ने बताया कि राष्ट्रपति महोदया से मिलेट के उत्पादन और प्रसार और ₹अवसर ट्रस्ट₹ द्वारा मेधावी गरीब बच्चों को कळ/ठकळ/कळळअ के लिए सफलता पूर्वक तैयार किये जाने के विषय में विस्तृत चर्चा हुई साथ ही । उनसे बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के शताब्दी समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में 19 अक्तूबर को आने का विनम्र आग्रह किया जिसपर उन्होंने सकारात्मक रूप से विचार करने का आश्वासन दिया ।

# आस्था विश्वास का अटूट केंद्र है झारखण्ड बिहार की सीमा पर स्थित नागबासुकी मंदिर

**करीब 400 वर्ष पूर्व स्थापित इस मंदिर का बनैली रियासत से है सम्बन्ध**

**आद्रा नक्षत्र में यहाँ हर साल होती है विशेष पूजा, तीन राज्यों से आते है लाखों की संख्या में भक्त**

**दुमका**। झारखण्ड बिहार की सीमा पर स्थित दुमका जिले के सरैयाहाट प्रखंड विशनपुर गाँव में स्थापित है प्रसिद्ध नाग बासुकी मंदिर। करीब 400 वर्ष पूर्व स्थापित इस मंदिर में एक बनैली रियासत के राज घराना की तरफ से हर साल दूध और लावा भेजा जाता था। बताया जाता है की बनैली रियासत के राजा कृत्यानंद सिंह के समय तक यह सिलसिला जारी था। बनैली रियासत के राजाओं का इस मंदिर में अटूट विश्वास था। आद्रा नक्षत्र में हर साल इस मंदिर में विशेष पूजा का आयोजन होता है जहाँ लाखों की संख्या बिहार, झारखण्ड और बंगाल से श्रद्धांलू पहुँचते है। बताया जाता है की कभी यह क्षेत्र बंजर भूमि के लिए जाना जाता था, इस क्षेत्र में न तो फसलें होती थी और न ही बारिश। लेकिन नाग बासुकी मंदिर की स्थापना के बाद इस क्षेत्र में बारिश भी होने लगीं और बंजर भूमि में फसलें भी लहराने लगें। तभी से यह मंदिर लोगों की आस्था और विश्वास का केंद्र बन गया। पहले यह मंदिर सप्ताह में सिर्फ एक दिन ही खुलता था लेकिन भक्तों की बढ़ती तादात की वजह से अब रोजाना खुलने लगा।

ऐसे तो मंदिर नाम से ही साँपो के लिए जाना जाता है। यहाँ जहरीले साँपो का जहर भी सिर्फ मंदिर के नीर से गायब हो जाता है। लेकिन मान्यता यह भी है की जो भी यहाँ सच्चे मन से कोई फरियाद करता है उसकी मनोकामना पूर्ण होती है। कहते है यहाँ से कोई भी खाली हाथ वापस नहीं जाता सब की मुराद यहाँ पूरी होती है। विवाह, संतान की प्राप्ति के लिए भी फरियादी यहाँ पहुँचते है।मनोकामनायें पूरी होने पर भक्त यहाँ बकड़े की बलि देते है।



मंदिर के पुजारी ललित पंडा कहते है की वैसे तो यहाँ रोजाना श्रद्धांलू पहुँचते है। लेकिन आद्रा नक्षत्र में होने वाले पूजा का विशेष महत्व है। इस पंद्रह दिन की अवधि में बंगाल, झारखण्ड और बिहार के लाखों भक्त यहाँ पहुँचते है। लोग मंदिर में दूध और लावा चढ़ाते है। हजारों की संख्या में लोग मनोकामना पूर्ति पर बकड़े की बलि भी देते है। मंदिर के नीर से ही जहरीलें सांप का उत्तर जाता है जहर। भीड़ को देखते हुए विधि व्यवस्था के लिए स्थानीय लोगों के साथ पुलिस बल और दंदाधिकारी मौजूद रहते है।

नागबासुकी मंदिर सड़क मार्ग से आसानी से पहुंचा जा सकता है। नेशनल हाईवे 133 से यहाँ जाने के दो रास्ते है। एक सरैयाहाट थाना के सामने से चंपागढ़ होते हुए और दूसरा इसी हाईवे से कोरडाहा से जाता है।

मंदिर के बगल में ही एक पहाड़ नूमा चट्टान है। कहा जाता है की इस चट्टान के नीचे एक गुफा है और उस गुफा में आज भी नागों का बसेरा है। गाँव के बुजुर्ग कहते है की यह पूरा क्षेत्र नागों का है। और नाग देवता ही उन्हें हर मुसीबत से आजतक बचाते आए है।

## के कविता को दिल्ली हाई कोर्ट से राहत नहीं, उत्पाद शुल्क नीति मामले में जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली**। भारतीय राष्ट्र समिति की नेता के कविता के लिए एक और झटका सामने आया है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को सीबीआई द्वारा दायर उत्पाद शुल्क नीति मामले और ईडी द्वारा दायर मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी। हाई कोर्ट का फैसला उनकी न्यायिक हिरासत खत्म होने से दो दिन पहले आया है। इससे पहले 3 जून को दिल्ली कोर्ट ने उनकी न्यायिक हिरासत 3 जुलाई तक बढ़ा दी थी। तेलंगाना के पूर्व सीएम के चंद्रशेखर राव (केसीआर) की बेटी के कविता को ईडी ने 15 मार्च को हैदराबाद के बंजारा हिल्स स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया था। ईडी ने उन पर 'साउथ ग्रुप' का प्रमुख सदस्य होने का आरोप लगाया है, जिस पर राष्ट्रीय राजधानी में शराब लाइसेंस के बड़े हिस्से के बदले में आम आदमी पार्टी (आप) को 100 करोड़ रुपये की कथित रिश्वत देने का आरोप है। लाइसेंस 2021-22 के लिए अब समाप्त हो चुकी दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति के हिस्से के रूप में जारी किए गए थे। एजेंसी ने पहले कहा था कि कविता दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति घोटाले की मुख्य साजिशकर्ता और लाभार्थी में से एक थी। उत्पाद शुल्क मामला 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की उत्पाद शुल्क नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में कथित भ्रष्टाचार और धन शोधन से संबंधित है। 29 मई को राउज एवेन्यू कोर्ट ने मामले के संबंध में कविता और अन्य के खिलाफ दायर प्रवर्तन निदेशालय की पूरक अभियोजन शिकायत (चार्जशीट) पर संज्ञान लिया।

# डॉक्टर डे पर स्वास्थ्य मंत्री 35 चिकित्सकों को किया सम्मानित

**पटना सिटी।** नेशनल डॉक्टर डे 1 जुलाई को भारत में राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस मनाने की परंपरा है देश के महान चिकित्सक भारत रत्न डॉ विधान चंद्र राय की याद में मनाने की परंपरा 1991 से शुरू हुई ।और यह इसका 33वां साल है हमारे समाज में डॉक्टर को भगवान का रूप माना जाता है ।इन्हें भाव को लेकर आज रोटरी पटना सिटी सम्राट की ओर से एनएमसीएच सभागार में ह्लडॉक्टर सम्मान समारोहह्व का आयोजन किया । समारोह का उद्घाटन बिहार सरकार के स्वास्थ्य एवं कृषि विभाग मंत्री श्री मंगल पांडे के द्वारा दीपप्रज्वलन एवं राष्ट्रगान के साथ किया। एनएमसीएच सुपरिंटेंडेंट डॉक्टर प्रोफेसर विनोद कुमार सिंह एवं प्राचार्य डॉक्टर प्रोफेसर उषा कुमारी ने मंत्री मंगल पांडे जी को बुके देकर स्वागत किया । समारोह




का उद्घाटन करते हुए स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने कहा कि जब-जब दुनिया में किसी भी प्रकार की महामारी आती है तो अपनी जान जोखिम में डालकर वे उस महामारी का सामना करने के लिए हमारे डॉक्टर तैयार हो जाते हैं ।इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हम सबों ने कोरोना के विषम परिस्थिति में देखा है ।सम्मान समारोह में एनएमसीएच सुपरिंटेंडेंट डॉ विनोद कुमार सिंह, प्रिंसिपल डॉ उषा कुमारी , पैडियार्टिक विभागाध्यक्ष डॉ अलका सिंह, आई विभागाध्यक्ष डॉ प्रदीप कारक ,डेप्युटी सुपरीटेंडेंट डॉ सरोज कुमार, ऐडमिस्ट्रेटिव ऑफि सर डॉ मुकुल कुमार सिंह,मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ अजय कुमार सिंह,सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ पीडी वर्मा ,ज्ञायनी विभागाध्यक्ष डॉ ममता सिंह,ऑर्थोपेडिक विभागाध्यक्ष डॉ रणजीत कुमार सिंह, ईएनटी विभागाध्यक्ष डॉ सतेंद्र सिंह, डॉ शिल्पी गोलवाड़ा सहित 35 वरिष्ठ चिकित्सकों को सम्मानित किया गया ।सम्मान समारोह का संचालन व स्वागत चेयरमैन संजीव कुमार यादव एवं रो संजय सिन्हा ने किया । अध्यक्षीय भाषण रोटरी अध्यक्ष देवराज बल्लभ और धन्यवाद ज्ञापन रोटरी सचिव दिवेश नेवाडिया ने कि। रो राम कुमार एवं एजी रो दिनेश बधानी ने सभी मंचतस्थ अतिथियों को आयुर्वेदिक पौधा , अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। इस मौके पर लगभग सभागार में लगभग 500 डॉक्टर, नर्स एवं विभिन्न विभाग के पदाधिकारी शरीफ हुए। इस मौके रो राजीव कुमार , रो राकेश बिहारी मिश्रा, अनूप कुमार , बीएन कपूर,त्रिभुवन प्रसाद, रुचिता नवाडिया, गोविंद चौधरी, नीरज केसरी सहित अन्य लोग सक्रिय दिखे।

# शरद यादव के समाजवाद की सपनों को पूरा करेगी रालोमो : उपेन्द्र कुशवाहा

## पार्टी कार्यालय में मनाई गई स्व० शरद यादव की 77 वीं जयंती

**पटना।** शरद यादव लोकतंत्र व समाजवाद के प्रबल पक्षधर थे उन्होंने समाजवादी आन्दोलन को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई शरद यादव जी के अधूरे सपनों व समाजवाद के बढ़ते चरण को आगे लाने में राष्ट्रीय लोक मोर्चा का सभी कार्यकर्त्ता संकल्पित है उक्त बातें आज राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भारत सरकार के पूर्व मंत्री श्री उपेन्द्र कुशवाहा ने पार्टी कैम्प कार्यालय के सभागार में आयोजित पूर्व सांसद व केंद्रीय मंत्री तथा देश के प्रख्यात समाजवादी चिंतक स्व० शरद यादव जी के 77 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कही। उक्त आशय की जानकारी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर देते हुए




रालोमो के प्रदेश महासचिव व प्रवक्ता राम पुकार सिन्हा ने बताया की जयंती समारोह में मुख्य रूप से पार्टी के प्रभारी प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी, मुख्यालय प्रभारी प्रशांत पंकज, प्रदेश उपाध्यक्ष अंगद कुशवाहा, बसंत चौधरी, महासचिव व प्रवक्ता ब्रजेन्द्र कुमार पप्पू, ई० हेमन्त कुमार, बिरेन्द्र प्रसाद दांगी, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ अध्यक्ष अशोक राम, विनोद कुमार पप्पू, अभिषेक रंजन, अरविन्द वर्मा, चमेली वर्मा प्रेम प्रकाश मंडल, अजय मुकुल, मो० आशिक आलम समेत सैकड़ो नेताओं ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# प्रखंड मुखिया संघ की बैठक में विकास योजनाओं में असहयोग पर हुई चर्चा

**मोहिउद्दीननगर (समस्तीपुर)।** स्थानीय मदुदाबाद में प्रखंड मुखिया संघ की बैठक आयोजित हुई। संघ की अध्यक्ष श्रीमती संजू कुमारी राय ने अध्यक्षता की वहीं संचालन मनोज प्रसाद सुनील ने किया। बैठक में जन हितैषी योजनाओं का लाभ समय से लाभुकों को नहीं मिलने पर क्षोभ व्यक्त किया गया। लेखापाल एवं अन्य कर्मियों की कमी के चलते विकास कार्य योजनाओं की गति धीमी होने के चलते पंचायतों का विकास कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। वहीं छठे वित्त आयोग मद में सामग्री मूल्य की दर बाजार दर से काफी कम होने के कारण सरकार द्वारा निर्धारित नियमों से इस मद से होने वाले विकास कार्य बुरी तरह प्रभावित है। पंचायत कार्यालय से सभी कर्मियों का नियमित काम नहीं करने की प्रवृति से आम जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मनरेगा योजनाओं में प्रत्येक दिन नये नये नियम लाकर योजनाओं के मुल उद्देश्य को




कमजोर किया जा रहा है। वहीं आवास योजनाओं के प्रतीक्षारत लाभुक पिछले दो वित्तीय वर्षों से आवास योजना के लाभ से वंचित हैं। आवास एप में पिछले 05 वर्षों से वंचितों का नाम जोड़ने की प्रक्रिया बंद है। मुखिया संघ मोहिउद्दीननगर सरकार से अनुरोध करती है कि ग्राम स्वराज्य को मजबूत करे और व्याप्त अफसरशाही को समाप्त कर ग्राम सभा के निर्णयों को अमली जामा पहनाने की दिशा में कार्य करें तभी पंचायतो का सवार्गीण विकास हो सकता है। साथ ही साथ पंचायत प्रतिनिधियों का बकाया भत्ता अविलंब भुगतान हो एवं मुखिया को आर्म्स का लाइसेंस एवं सुरक्षा की गारंटी सरकार अविलंब करें ।बैठक में मुखिया सुरेन्द्र राय,अनिल पासवान, विपिन शर्मा,विनय कुमार उर्फ जयराम शर्मा, वकील पासवान, शशि कुमारी,मुखिया प्रतिनिधि कृष्ण कांत चौधरी, अमरनाथ राय , हिमांशु कुमार,प्रभात रंजन,सरोज सिंह,रवीन्द्र सहनी,मनोज कुमार तिवारी आदि शामिल थे।

# चिकित्सक दिवस पर पालीका विनायक हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

- स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने किया कार्यक्रम का उद्घाटन
- खून का विकल्प खून- डॉ.मृणाल
- 85 चिकित्सक व चिकित्साकर्मियों ने किया रक्तदान

पटना। 1 जुलाई सोमवार को चिकित्सक दिवस के अवसर पर पटना के पालीका विनायक हॉस्पिटल में रोटरी क्लब ऑफ पटना आर्यन्स के संयोजन में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें बिहार के करीब 85 चिकित्सक व चिकित्सा कर्मियों ने रक्तदान किया।

रक्तदान शिविर का उद्घाटन बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने किया। जिन्हें भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक व पालीका विनायक हॉस्पिटल के निदेशक डॉ बी झा मृणाल ने पाग डोपटा व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने इस आयोजन के लिए पालीका विनायक हॉस्पिटल, रोटरी क्लब पटना आर्यन्स की प्रशंसा की। इस दौरान संबोधन करते हुए समाज में चिकित्सकों की भूमिका को सराहा। उन्होंने कहा कि एक बेहतर समाज की परिकल्पना बिना स्वस्थ्य रहे व बिना चिकित्सकों के नहीं की जा सकती है। इस दिशा में आप सभी आगे बढ़ रहे हैं, साथ ही रक्तदान के लिए आगे आ रहे हैं यह प्रेरणादायक व सराहनीय कदम है। आगे उन्होंने कहा कि रक्त दान करने से शरीर में किसी भी प्रकार का नकारात्मक असर नहीं पड़ता है, बल्कि इससे शरीर में नई उर्जा का संचार होता है और स्फूर्ति बनी रहती है। रक्त दान करना पुण्य का कार्य है। इसलिये सभी को रक्त दान करना चाहिए।




वहीं इस मौके पर रक्तदान करते हुए बिहार भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ बी झा मृणाल ने बताया कि आधुनिकता के इस युग में भी खून का कोई विकल्प नहीं है। ऐसे में एक रक्तदान किसी की जीवन की रक्षा कर सकता है। हर जागरूक नागरिक को रक्तदान करना चाहिए। इससे कमजोरी नहीं आती है बल्कि रक्तदान से शरीर में रक्त निर्माण की प्रकिया में गति मिलती है। रक्त दान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम माना जाता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है। नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है। जो दिल की सेहत के लिए अच्छी है। उन्होंने बताया कि कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पड़ जाती है। ऐसी ही इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। इससे जरुरत मंद की मदद हो सकेगी। कार्यक्रम में पटना एम्स, आईजीएमएस, ईएसआई हॉस्पिटल बीहटा, पीएमसीएच एवं एनएमसीएच के साथ बिहार के कई चिकित्सक व कर्मियों ने इसमें भाग लिया। जहां विशिष्ट अतिथि के तौर पर आईजीएमएस के पूर्व डायरेक्टर डॉ प्रो एके सिंह, डॉ किशोर झुनझुनवाला, डॉ भावना झा, डॉ आशीष कुमार झा, डॉ प्रशांत, डॉ मैत्रयी, डॉ प्रिय रंजन, डॉ यादवेश, न्यूरोसर्जन डॉ हिमांशु, नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ आरके झा, डॉ एसके ठाकुर मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबर

### जिले के सरकारी स्कूलों में 2 से 08 तक लगेगा समर कैंप

**संवाददाता पंचदेवरी सुनील कुमार गुप्ता।** गोपालगंज जिले की सरकारी विद्यालयों के बच्चे समर कैंप के माध्यम से पर्यावरण को बचाने के बारे में जानकारी हासिल करेंगे। इसे लेकर एक से आठ जुलाई तक समर कैंप का अयोजन किया जाएगा। इस दौरान मिशन लाइफ के तहत इको क्लब के माध्यम से गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा। समर कैंप के आयोजन को लेकर बिहार शिक्षा परियोजना परिषद की प्रशासी पदाधिकारी शाहजहां ने जिला शिक्षा पदाधिकारी व कार्यक्रम पदाधिकारी को पत्र लिखा है। पत्र के आलोक में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया है । पत्र में कहा गया है कि संयुक्त सचिव शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के पत्र के आलोक में एक से आठ जुलाई तक समर कैंप का आयोजन करना है। मिशन लाइफ अंतर्गत इको क्लब के माध्यम से सात दिनों तक अलग-अलग थीम पर गतिविधियों का क्रियान्वयन कराने का निर्देश मिला है। साथ ही सातों दिनों की गतिविधियों का प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया है। वहीं समर कैंप के प्रथम दिन स्वस्थ्य जीवन शैली के अंतर्गत गतिविधियों में प्राकृतिक स्थल का भ्रमण कराना, मरूस्थलीकरण,भूमि पुनर्स्थापन,सूखा प्रतिरोधक क्षमता के बारे में जानना, पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी, पौधारोपण अभियान चलाना व पास के गावों की यात्रा शामिल है। वहीं दूसरे दिन सतत खाद्य प्रणाली अपनाने के अंतर्गत पोषण बाल वाटिका का निर्माण, तीसरे दिन ई-कचरा कम करने को लेकर संग्रह अभियान आयोजित करना,चौथे दिन कचरा कम फैलाएं के अंतर्गत साफ-सफाई अभियान आयोजित करना,पांचवें दिन उर्जा की बचत अंतर्गत उर्जा से संबंधित गतिविधियां आयोजित करना,छठे दिन जल संरक्षण के अंतर्गत जल संरक्षण को लेकर जागरूक करना व सातवें दिन एकल प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने पर सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों को एकल प्लास्टिक को न कहें की गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। डीपीओ ने पत्र में सभी स्कूलों के प्रधानाध्यपकों को कहा है कि प्रतिदिन आयोजित होने वाली गतिविधियों का प्रतिवेदन जिला को उपलब्ध कराएंगे। वहीं सभी प्रखंडो के बीईओ को भी निर्देश देने को कहा गया है।

### शराब के नशे में युवक गिरफ्तार

**थावे।** थावे पुलिस ने शनिवार को संध्या गश्त के दौरान शराब के नशे में एक युवक को हरदिया पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया ।गिरफ्तार आरोपित की पहचान थाना क्षेत्र के एकडेरवा गाँव के प्रदीप कुमार मांझी के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष धीरज कुमार राम ने बताया कि चिकित्सीय जांच के बाद आरोपित को रविवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया ।मौक पर पुलिस बल आदि मौजूद थे।

### कला पुरुष एवं वरिष्ठ पत्रकार विश्वमोहन चौधरी सन्त के 60वी जन्मोत्सव पर ग्लोरी आफ बिहार अवार्ड

**पटना।** बिहार कला व सांस्कृतिक विकास परिषद के बैनर तले 33 वी ग्लोरी ऑफ बिहार अवार्ड का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन प्रख्यात समाजसेवी मनोज मुक्त ने किया। मुख्य अतिथि नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संजीव कुमार सुमन थे। कला संस्कृत पुरुष एवं वरिष्ठ पत्रकार विश्वमोहन चौधरीस्सन्तस्र के साथ में जन्मोत्सव पर अवार्ड अतिथियों के हाथों दिया गया, जिसमें डा.मीना कुमारी परिहार स्मान्यास्र साहित्य सृजन में,नवाब आलम निर्देशन एवं अभिनेता में रंजीत कुमार टेरा कोटा एवं पेपर में सी आर्टस में नीता सिन्हा पत्रकारिता में, ऋषभ राठौर कला संस्कृति में और संतोष कुमार गुप्ता चीफ एडिटर अनुभवी आंखें न्यूज को सम्मानित प्रतीक चिन्ह, अंगवस्त्र एवं सम्मान पर देकर अतिथियों के हाथों सम्मानित किया गया। स्वागत भाषण और निवेदन अनीता पांडे ने किया ।इस अवसर पर बिहार कला पुरस्कार से सम्मानितउमेश कुमार सिंह सुशील ,अर्चना भारती, आलोक चोपड़ा,सिकंदर आजम,रवि रंजन, मणि मोहन आदि ने भी उपस्थित होकर जन्मदिन की बधाई दी। मगही कवि पृथ्वीराज पासवान ने अपने बधाई एक कविता पाठ कर किया। देर तक हुए इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले अरुणकुमार गौतम,विनोद पंडित, धीरज कुमार पांडेय,एलिजा बानो ने कजरी गीत, सीमा राय झूमर लोकगीत बाबा दिहले टिकवा अदीक्षा, अहमारा, साक्षी,अनन्या, निशा, दिव्याश्री ने भजन और लोकगीत गाकर श्रोताओं को मंत्र मुक्त कर दिया।

# प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री अतुल कुमार गोयल का पटना आगमन

**पटना।** पंजाब नैशनल बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री अतुल कुमार गोयल दिनांक 01 जुलाई, 2024 को पटना अंचल का आधिकारिक भ्रमण किया। इस दौरान अंचल प्रबंधक श्री सुधांशु शेखर दास, श्री आशुतोष झा, अध्यक्ष, दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक, उप अंचल प्रबंधक श्री अवधेश कुमार झा, आंचलिक लेखा परीक्षा कार्यालय प्रमुख श्री देवानन्द प्रसाद, पटना मण्डल प्रमुख श्री आनंद कुमार राय सहित अंचल कार्यालय के सभी वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहें। अपने आधिकारिक दौरे के प्रथम चरण में उन्होंने अंचल कार्यालय पटना सहित अधीनस्थ मण्डल कार्यालयों की व्यावसायिक समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बैंक के विभिन्न मानदंडों पर अंचल कार्यालय के कारोबार की समीक्षा करते हुए स्थायी जमा एवं क्रेडिट पोर्टफोलियो विशेषकर रिटेल, एमएसएमई एवं कृषि को बढ़ाने तथा बैंक के दिशानिदेर्शों के तहत एनपीए को घटाने पर विशेष बल दिया। समीक्षा बैठक के पश्चात उन्होंने अंचल के कारोबार में महत्वपूर्ण भूमिका रखने वाले विशिष्ट ग्राहकों से भी मुलाकात की एवं उनके कारोबारी स्थिति पर चर्चा करते हुए बैंक द्वारा सभी प्रकार के सहयोग हेतु आश्वस्त किया एवं कहा कि बिहार में नए उद्योग की स्थापना एवं विस्तार में पंजाब नेशनल बैंक अपनी अग्रणी भूमिका निभाने को तत्पर है। उन्होंने कारोबारियों से यह भी कहा कि उनके कारोबार में वृद्धि ही बैंक की सकारात्मक प्रगति है। तत्पश्चात, उन्होंने इन्दिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना के परिसर में बैंक के नवनिर्मित एटीएम का उद्घाटन किया गया।

अंचल दौरे के दूसरे चरण में प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय ने पटना के ए.एन.




कॉलेज, सभागार में आयोजित टाउन हाल मीटिंग में उपस्थित स्टाफ सदस्यों एवं विशिष्ट आगंतुकों को संबोधित किया। उनके उद्बोधन के मुख्य केंद्र बिंदु उत्तम ग्राहक सेवा, लघु एवं माध्यम उद्योग के विकास में हमारी भूमिका, कृषि ऋण-मुख्यतः कृषि अवसंरचना ऋणों की स्वीकृति, डिजिटल प्रोडक्ट को अधिकाधिक अपनाने तथा सतत एवं समावेशी विकास पर केन्द्रित रहा ।

पंजाब नैशनल बैंक के 130 वर्षों के स्वर्णिम इतिहास एवं वर्तमान को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि श्रेष्ठ ग्राहक सेवा एवं ग्राहक की जरूरत के अनुसार उन्हें बैंक उत्पाद प्रदान करना ही हमारी प्राथमिकता में शामिल है। पटना अंचल के कारोबारी विकास हेतु विभिन्न विषयों पर चर्चा के क्रम में उन्होंने कहा कि बिहार में कारोबार की अपार संभावनाएं हैं। यहाँ भारत सरकार एवं बिहार सरकार की कई परियोजनाएं कार्यरत है अथवा निकट भविष्य में क्रियान्वित किया जाना है। राजमार्ग का निर्माण हो अथवा नागरिक उड्डयन हेतु विभिन्न विमान पत्तन का निर्माण, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण इकाई की स्थापना हो या एमएसएमई के तहत लघु एवं मध्यम उद्योग सभी क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं। आवश्यकता है, हम इन अवसरों का लाभ उठाकर बैंक के कारोबारी वृद्धि के साथ-साथ मजबूत, विकसित एवं सशक्त राष्ट्र के निर्माण महत्वपूर्ण योगदान दें।

### हिंदुओं को हिंसक कह करोड़ों हिंदुओं के भावनाओं के साथ खिलवाड़ : प्रदीप काश

**पटना सिटी।** भारतीय जनता पार्टी पटना महानगर अध्यक्ष अभिषेक कुमार, मीडिया प्रभारी प्रदीप काश ने सदन में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं को हिंसक कहे जाने की बयान की तीव्र निंदा की है। मिडिया प्रभारी प्रदीप काश ने कहा कि जिस कांग्रेस ने देश का विभाजन करवाया, पूरे देश में आपात काल घोषित कर संविधान की धज्जियां उड़ाई, 1984 में सिखों की हत्या करवाई, अनेकों बार अध्यादेश जारी कर संविधान संशोधन किया। ये लोग सहनशील हिंदुओं को हिंसक कह कर देश के करोड़ों हिंदुओं के भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को इस कथन के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए।

### राहुल गाँधी का बयान गांधी, पटेल, जगजीवन राम का अपमान, सदन में माफी मांगें : डा. संतोष कुमार सुमन

**पटना।** सूचना प्रावैधिकी एवं लघु सिंचाई मंत्री डा. संतोष कुमार सुमन ने कहा कि राहुल गाँधी देश के बहुसंख्यक हिन्दू समाज और सनातन संस्कृति के प्रति अनादर, अज्ञान और नफरत से भरे हुए हैं । मात्र 99 सीटें जीतने से कांग्रेस के युवराज अहंकारी हो गए हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा जैसे गरिमापूर्ण मंच से उनका दुराग्रहपूर्ण बयान महात्मा गाँधी , सरदार पटेल, राम मनोहर लोहिया और जगजीवन राम से लेकर जेपी तक अनेक शीर्ष नेताओं का अपमान है। ये सभी महापुरुष क्या हिंदू नहीं थे? क्या ये हिंसक थे? डाक्टर सुमन ने कहा कि राहुल गाँधी को 20 साल के संसदीय जीवन में पहली बार विपक्ष के नेता का संवैधानिक पद मिला, किंतु उन्होंने पहले ही सत्र में पद की मयार्दा गिराने वाले शब्दों से देश को निराश किया। उन्हें ये शब्द वापस लेने चाहिए और सदन में बिना शर्त माफी मांगनी चाहिए । उन्होंने कहा कि राहुल की मोहब्बत की दुकान क्या सिर्फ गैर-हिंदुओं, टुकड़े-टुकड़े गैंग और खालिस्तान समर्थकों के लिए है? डाक्टर सुमन ने कहा कि हिंदुओं को हिंसक बताने वाला बयान कथित भगवा आतंकवाद और हिंदू -फोबिया के कांग्रेसी नरेवि चलाने के आगे बढाने की कोशिश है।

# पासवा झारखण्ड ने 12वां प्रतिभा सम्मान समारोह में 2 हजार प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**पटना।** प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन झारखण्ड पासवा ने 12वां अति प्रतीक्षित प्रतिभा सम्मान आयोजित कर 2 हजार प्रतिभाशाली बच्चों को किया सम्मानित! इस प्रतिभा सम्मान समारोह का शुभारंभ लिटिल एंजेल स्कूल राँची और हजारीबाग फहिमा एकैडमी के स्कूल बैंड की टीम ने अतिथियों टिका लगाकर उनका एस्कॉर्ट किया और स्वागतम नृत्य के साथ सभी अतिथियों का स्वागत किया गया ! वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिल कुमार महतो जैक चेयरमैन,पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद,धनंजय किशोर रिटायर ऑफिसर एयर इंडिया,एम सईद पेट्रोन अदरे शरिया,प्रदेश उपाध्यक्ष अरविन्द कुमार,निशा भगत, महासचिव मसूद कच्ची,अनिल गुप्ता,प्रदेश सचिव तौफीक हुसैन ने मुख्य रूप से दीप प्रज्वलित कर किया! पासवा झारखण्ड के पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों को पुष्पगुच्छ,शॉल और संगठन का प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया ! सभी अतिथियों ने 10वीं और 12वीं में सफलता प्राप्त करने वाले दो हजार छात्र-छात्राओं को मेडल और सर्टिफिकेट देखकर सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया और इस समारोह में आए राज्य के कई निजी एवं सरकारी विद्यालयों के संचालक एवं प्राचार्य को भी एसोसिएशन द्वारा सम्मानित किया गया! 12वां प्रतिभा सम्मान समारोह में पासवा ने बेस्ट स्कूल का अवार्ड फहीमा एकैडमी हजारीबाग को दिया! कार्यक्रम का संचालन एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद कुमार ने अपने संबोधन में संगठन से जुड़े कार्यों एवं उद्देश्यों से सभी को अवगत कराते हुए पिछली सरकार द्वारा वर्ष 2019 में उत्पन्न



हुई समस्या और सरकार द्वारा लागू हुई फ्ळए नियमों पर प्रकाश डाला विशेषकर जमीन की बाध्यता को समाप्त करने का प्रस्ताव रखा वही मुख्य अतिथि अनिल कुमार महतो ने अपने संबोधन में संगठन द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह की सराहना की और कहा बच्चों के मनोबल को बढ़ाने के लिए इस प्रकार का आयोजन अति आवश्यक एवं अनिवार्य है और मिली जानकारी के अनुसार आरटीई नियमों के संशोधन में पासवा की आवाज बनुँगा उन्होंने यह भी बताया की झारखंड के पूर्व शिक्षा मंत्री स्वड्ट जगन्नाथ महतो द्वारा नियमों में संशोधन के लिए भी कार्य किए गए थे उसपर एसोसिएशन से पहल करने का आग्रह किया ! पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद ने अपने संबोधन में कहा झारखंड में संगठन पिछले 12 वर्षों से निजी विद्यालयों के हित के लिए कार्य कर रहा है और भविष्य में भी निजी विद्यालयों की समस्या एवं बच्चों के कल्याण के लिए कार्य करता रहेगा ! जिसके लिए झारखण्ड में नई कमेटी का गठन किया गया है उन्होंने विश्वास दिलाया की पासवा झारखण्ड में आरटीई नियमों में संशोधन जमीन की बध्यता खत्म करने लिए प्रयासरत रखेगा वही एयर इंडिया रिटायर्ड ऑफिसर धनंजय किशोर,अदरे शरिया पेट्रोन एम सायद सभी ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए संगठन के कार्य एवं उद्देश्य की सराहा की और संगठन को हमेशा अपना सहयोग देने की बात कही!

राँची के जामिआ बैंक्विट हॉल में सफलतापूर्वक संपन्न हुए सम्मान समारोह का धन्यवाद ज्ञापन सैयद अंसारुल्लाह ने किया और इस कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ!

कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यकारी अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान,उपाध्यक्ष निशा भगत, अरविंद कुमार,सैयद अंसारुल्लाह, महासचिव मसूद कच्ची,अनिल गुप्ता, सचिव तौफीक हुसैन,सह सचिव, विजय दुबे,कोषाध्यक्ष आलोक विपिन टोप्पो,मीडिया प्रभारी मुजाहिद आलम,जिला अध्यक्ष एवं प्रभारी डॉ बीएनपी बर्णवाल,विद्या गौतम, अली अहमद,विनीता पाठक, प्रमोद कुमार,अविनाश कुमार, सूर्यदेव यादव,रंजीत पांडे, जय प्रकाश मेहता के साथ-साथ संगठन के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अहम भूमिका निभाई!

# उखड़ा गांव में देवी माँ के प्राण प्रतिष्ठा एवं चण्डी यज्ञ सात जुलाई से

**हरनौत (नालंदा) (नवशक्ति)।** प्रखंड के उखड़ा गांव में देवी माँ भगवती जी का प्राण प्रतिष्ठा एवं पाठ्यात्मक श्री चण्डी यज्ञ का आयोजन सात से 15 जुलाई तक होगा। इसमें अयोध्याधाम, काशी व वृंदावन से यज्ञाचार्य, पंडित व कथा वाचिका शामिल होंगे।

20 लाख से बना है मंदिर व मंडप स्थानीय प्रखंड के नेहुसा पंचायत के उखड़ा गांव में करिब 20 लाख रुपए की लागत से मंदिर व मंडप ग्रामीणों के सहयोग से बनाया गया है इस नवनिर्मित मंदिर में देवी माँ भगवती जी के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 7 से 15 जुलाई तक विभिन्न कार्यक्रम रखें गयें है इस संबंध में अयोध्या धाम से आए हुए महंत स्वामी श्री निवासानन्द सरस्वती उर्फ संजय बाबा ने बताया कि यहां दशकों से मंदिर है इसके प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सात जुलाई को कलश शोभायात्रा यात्रा निकाली जाएगी।



अयोध्या, काशी व वृंदावन से यज्ञाचार्य, पंडित व कथा वाचिका होगें शामिल श्री संजय बाबा ने बताया कि नौ दिवसीय तक यह कार्यक्रम चलेगा। जिसमें अयोध्याधाम से पंडित सुदर्शनाचार्य, वृंदावन से कथावाचिका संयोगिता किशोरी एवं काशी से पंडित सुशील पांडे पंडित, पं. अनीश पांडे, पं.गिरधर पांडेय शामिल होगें। उन्होंने ने कहा कलश स्थापना के बाद 8 से 14 जुलाई तक प्रातः वेदी पूजन, पाठ, हवन, भगवती का जलाधिवास संध्या कालीन भजन कीर्तन, प्रवचन और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। वहीं 15 जुलाई को पूर्णाहुति, भंडारा, प्रसाद वितरण व समापन होगें।

पूर्वज दशकों से पूजते आ रहे हैं ग्रामीण सुरेंद्र, उमेश, कृष्णन, जोगिंदर, सतीश, प्रशांत, लखन, अशोक, विक्की आदि ने बताया कि पूर्वजों के द्वारा दशकों से इस प्राचीन स्थल को पूजते आ रहे है। उन्होंने बताया यहां हमलोग की आस्था का केंद्र बिंदु है। उन्होंने कहा इस नवनिर्मित मंदिर को विभिन्न गांव के धर्मप्रेमी भक्तों के सहयोग से बनाई गई है। कहा कि इस प्राण प्रतिष्ठा एवं चण्डी यज्ञ कार्यक्रम में उखड़ा, तीरा, नेहुसा, लक्ष्मणपुर, दैली, शेरपुर, घांघ-सिरसी, गोखुलपुर समेत दर्जनों गांवों का सहयोग मिल रहा है।

# नए कानून में किसी व्यक्ति के घर पर छापेमारी करने के दौरान विडियो ग्राफी की जाएगी: गोपाल कृष्णा

**इस्लामपुर (नालंदा) (नवशक्ति)।** इस्लामपुर थाना परिसर में सोमवार को हिलसा 2 इस्लामपुर डीएसपी गोपाल कृष्णा के नेतृत्व मे एक बैठक कर एक जुलाई से लागू हुए नए अपराधिक कानून के बारे मे जनप्रतिनिधियों समेत आमलोगों को जानकारी दी गई।



बैठक मे उपस्थित लोगों को जानकारी देते हुए डीएसपी गोपाल कृष्णा ने बताया की देश भर मे लागू हुए नए कानून में महिलाओं एवं बच्चों से जुड़े हिंसा एवं प्रताड़ना मामलों मे सख्त कानून बनाया गया है। नए कानून में अब आईपीसी कि धाराओं कि जगह भारतीय न्याय संहिता लागू हो जाएगा और आरोपी के गिरफ्तार होने की जानकारी परिजनों को दिया जाएगा।

वही गवाहों का ब्यान का वीडियो ग्राफी किया जाएगा। किसी व्यक्ति के घर पर छापेमारी करने के दौरान विडियो ग्राफी की जाएगी। साथ ही उन्होंने बताया की 15 साल से कम उम्र वाले एवं 60 साल से अधिक उम्र वाले व तीन साल से सजा वाले आरोप मे उसकी गिरफ्तारी डीएसपी के आदेश पर ही होगी। देश भर मे एक जुलाई से लागू किए गए तीन नये कानून भारतीय न्याय संहिता भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम कि जानकारी लोगों को दिया।

इस नये कानून के बारे मे लोगों को पंचायत स्तर पर लोगों को जागरूक करने के लिए कहा गया।

इस अवसर पर थाना अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह पुलिस निरीक्षक सम्राट दीपक, दरोगा रवि कुमार, शिवजी यादव, श्रीनिवास शर्मा, विजय विश्वकर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय साहु, उजाला सोनी, विरेन्द्र गोप, प्रवेज आलम, टिंकू प्रसाद, सहित कई लोग उपस्थित थे।

# लोगो को मोबाइल की आदत छोड़नी चाहिए: डॉ. अजय कुमार

**संजय कुमार**

**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** श्री महावीर नेत्र धाम सेवा संस्थान राजगीर के द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क मेगा आंख जांच शिविर का आयोजन ( डॉक्टर्स डे के अवसर पर) एक जुलाई को किया गया । जिसमें नालंदा, नवादा, गया जिला के 117 रोगियों का जांच तथा जरूरतमंद रोगियों को निःशुल्क दवाई दिया गया तथा फलदार वृक्ष भी वितरण किया गया।



चुने गए मोतियाबिंद के रोगियों को निःशुल्क लेंस लगवाने की सुविधा भी दिया जाएगा।

इस मौके पर डॉक्टर अजय कुमार तथा डॉक्टर संजीव कुमार के द्वारा इलाज किया गया।

डॉक्टर अजय कुमार ने बताया कि इस समय लोगो को मोबाइल की आदत छोड़नी चाहिए, मोबाइल, टेलीविजन की वजह से आंखों की बीमारी बढ़ती जा रही है और लोगो को अपने खान पान पर भी ध्यान रखना चाहिए।

बीपी और शुगर भी आंखो के परदे को नुकसान पहुंचा रहे है, इसी लिए समय समय पर अपने आंखो की जांच करवाते रहे ।

इस मौके पर हॉस्पिटल के स्टाफ राजीव कुमार, अजीत यादव, अनील यादव तथा ममता कुमारी उपस्थित थे।

# नए कानून में महिला उत्पीड़न तथा साइबर से जुड़ी मामलों में कड़ी सजा का प्रावधानः सत्यम तिवारी



**कतरीसराय (नालंदा)(नवशक्ति)।** सोमवार को स्थानीय थाना परिसर में थानाध्यक्ष सत्यम तिवारी के नेतृत्व में 1 जुलाई से लागू हुए तीन आपराधिक कानून को लेकर एक बैठक आहूत किया गया। जिसमें थाना क्षेत्र के बुद्धिजीवी लोग शामिल हुए।

बैठक में थानाध्यक्ष ने उपस्थित लोगों को जानकारी देते बताया कि पुराने कानूनों में कुछ संशोधन कर बदलाव कर तीन नये कानून बनाये गये है । नये कानून में इलेक्ट्रोनिक साक्ष्य को भी मान्यता दिया गया है ।महिलाओं और बच्चों से जुडी हिंसा के कानूनों को सख्त किया गया है ।साथ ही संगठित अपराध महिला उत्पीड़न तथा साइबर से जुड़ी मामलों में कड़ी सजा का प्रावधान लाया गया है ।

आप कहीं से भी घर बैठे ऑनलाइन एफ आई आर दर्ज करा सकते है ।इसके अलावा कई अन्य तरह के बदलाव भी हुए है ।

इस मौके पर प्रखण्ड प्रमुख राजीव कुमार ,पुर्व प्रमुख धनंजय प्रसाद , मुखिया हिमांशु पासवान ,रामजी पासवान ,रजनीश कुमार ,दशरथ चौधरी ,श्याम किशोर प्रसाद समेत दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है : साहिल सिन्हा

**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** सोमवार को आर जी एल उच्च माध्यमिक विद्यालय छबीलापुर में बी आर पी साहिल सिन्हा ने औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में उन्होंने शिक्षकों को कई निर्देश दिए और विद्यालय परिसर एवं प्रांगण की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही।



प्रभारी प्रधानाध्यापक ओंकार देव आर्य और शिक्षक अजय कुमार की मांग पर साहिल सिन्हा ने विद्यालय के चारों ओर चहारदीवारी की आवश्यकता पर बल दिया। असेंबली में प्रार्थना के अतिरिक्त, प्राणायाम, व्यायाम, योग और बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए एक्स्ट्रा एक्टिविटीज को महत्व देने की बात भी कही गई। इसके साथ ही, सभी बच्चों को यूनिफॉर्म में आने और अनुशासन का पालन करने पर जोर दिया गया।

साहिल सिन्हा ने बताया कि बहुत सारे बच्चों की छात्रवृत्ति से संबंधित समस्याओं को जल्द सुलझाने की पहल की जाएगी। उन्होंने प्रभारी प्रधानाध्यापक ओंकार देव आर्य से इस संबंध में वार्ता की। विद्यालय परिसर और शौचालय की सफाई के लिए एक सफाई कर्मी की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया।

साहिल सिन्हा ने कहा, ₹बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है ।₹

इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों में प्रभारी प्रधानाध्यापक ओंकार देव आर्य, अजय कुमार, जैनेंद्र कुमार, कुंज बिहारी, कुंजेश, अशोक कुमार, राखी कुमारी, शिखा कुमारी, सोनल साकची, राणा अजय, शत्रुघ्न उपाध्याय, रौशन कुमार, शंकर कुमार, कल्पना, रेखा, लाइब्रेरियन आफताब आलम, अजय कुमार, धीरज कुमार, सूरज नारायण, शिशुपाल पांडे और परिचारी सुशील सिंह शामिल थे।

## संक्षिप्त खबर

### हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर हुई बैठक



**हरनौत (नालंदा)(नवशक्ति)।** प्रखंड के सेवदह , गोनावां समेत विभिन्न हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर आरआई , सर्वे ड्यू लिस्ट को लेकर बैठक हुई। बैठक में एएनएम व आशा कार्यकर्ता को निर्देश दिए गए। स्थानीय पीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. राजीव रंजन सिन्हा ने बताया कि प्रखंड में लोगों को स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा एक रेफर अस्पताल , एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र(पीएचसी ), पांच अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (एपीएचसी) एवं 22 हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर (एचडब्लूसी)खोला गया है ।जहां सुलभ एवं सस्ता इलाज की व्यवस्थाएं हैं ।यहां तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुद्रिक स्वास्थ्य केंद्र( सीएचसी )का भी दर्जा मिल चुका है। जिसमें भवन के लिए वर्कआर्डर भी मिल चुका है। उन्होंने बताया कि प्रखंड में कुल 11 सीएचओ है ।जो एचडब्लूसी पर तैनात हैं। जिसमें सेवदह एचडब्लूसी पर सीएचओ पल्लवी कुमारी की अध्यक्षता में साप्ताहिक बैठक हुई ।सीएचओ ने बताया कि ने बैठक में एएनएम व आशा द्वारा किए जाने वाले नियमित टीकाकरण, बंध्याकरण सहित अन्य कार्यों की समीक्षा की गयी और आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया ।मौके पर माधुरी , मालती , मंजू , पार्वती , निलम , रिंकू , मीना , संजूल , ममता , पुनम , निलम , अर्चना , सुनीता समेत अन्य एएनएम व आशा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### हिलसा -नूरसराय पथ पर पथ निर्माण विभाग ने भारी वाहन के परिचालन पर लगाई रोक

**थरथरी(नालंदा)(नवशक्ति)।** हिलसा नूरसराय पथ पर जर्जर पुल पर पथ निर्माण विभाग ने भारी वाहन पर रोक लगा दिया है। पथ निर्माण विभाग के द्वारा हिलसा थरथरी- नूरसराय पथ पर अवस्थित पुल अत्यंत जर्जर है। उक्त पथ से हिलसा से बिहारशरीफ अथवा बिहारशरीफ से हिलसा जाने वाली सभी भारी वाहनों (10 टन से अधिक वजन वाले) के परिचालन पर तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक रोक लगा दी गई है। सभी भारी वाहन वैकल्पिक मार्ग यथा हिलसा एकंगरसराय-परवलपुर-बिहारशरीफ से होकर जायेंगी। कार्यपालक अभियंता, - निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हिलसा (नालन्दा)। के आदेशानुसार रोक लगा दी गई है। यह जानकारी थानाध्यक्ष उमाशंकर मिश्रा ने दिया।

### नए आपराधिक कानून हुए प्रभावी, थाना व ओपी पर हुए जागरूकता कार्यक्रम



**हरनौत (नालंदा)(नवशक्ति)।** देश में सोमवार से नए आपराधिक कानून भारतीय दंड संहिता की जगह लागू हो गया। इसे लेकर स्थानीय अंचल के एसएचओ ने थाना व ओपी पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया । जिनमें पुलिसकर्मियों, आम लोगों और जन प्रतिनिधियों को जानकारी दी गई। जिसमें स्थानीय थाना में एसएचओ मो. अबू तालिब अंसारी ने आम लोगों को इस नए कानून की जानकारी दी ।वहीं चेरो ओपी में ओपी अध्यक्ष मिथिलेश पंडित, तेलमर थाना में शत्रुघ्न साह , कल्याण बिगहा थाना में विकास कुमार व गोखुलपुर थाना में सुमन कुमार ने लोगों को विस्तार से बताया ।

# रोटरी क्लब तथागत ने ककड़िया गांव में नई परियोजनाओं के साथ शुरू किया नया रोटरी वर्ष

**संजय कुमार**

**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** रोटरी क्लब तथागत ने आज सोमवार को अपने नए रोटरी वर्ष की शुरूआत रोटेरियन डॉ. जोसेफ टी. टी. की अध्यक्षता में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं के साथ की।




इस वर्ष का उद्देश्य नालंदा जिले के ककड़िया गांव के निवासियों के जीवन स्तर को सुधारना और उन्हें शहरी आबादी के समकक्ष लाना है। इस मिशन के तहत क्लब ने पहले दिन कई महत्वपूर्ण गतिविधियों का आयोजन किया।

प्रमुख गतिविधियांः डॉक्टर्स डे पर डॉक्टरों का सम्मानःगांव में स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान देने वाले डॉक्टरों को सम्मानित किया गया। पेड़रोपणः पर्यावरण संरक्षण के तहत गांव में 100 आम के पेड़ लगाए गए। स्वास्थ्य मैराथन : युवाओं और बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए मैराथन का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य और स्वच्छता जागरूकता कक्षाएंः डॉ. सुनीति सिन्हा, डॉ. ममता कौशांबी, डॉ. प्रीति रंजन और डॉ. रेशमी कुमारी ने स्वास्थ्य और स्वच्छता के महत्व पर कक्षाएं संचालित की। **स्वच्छता किट वितरण** : छात्राओं को स्वच्छता सामग्री और आयरन की गोलियों से युक्त किट प्रदान की गई।

**निबंध प्रतियोगिता** : ककड़िया मध्य विद्यालय के विद्यार्थियों के बीच निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

**खेल सामग्री प्रदान** : मध्य विद्यालय ककड़िया के बच्चों के लिए खेल सामग्री वितरित की गई।

**स्वास्थ्य जांच शिविर** : गांव में एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 17 वरिष्ठ चिकित्सकों ने हिस्सा लिया।

**अध्ययन सामग्री वितरण** : रोटरी के बच्चों को अध्ययन सामग्री प्रदान की गई।

**नकद पुरस्कार** : 10वीं बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले रोटरी के बच्चों को आगे की पढ़ाई के लिए नकद पुरस्कार दिया गया।

बड़ी संख्या में रोटेरियन और इंटरैक्ट क्लब के सदस्य इस परियोजना का हिस्सा थे। रोटरी सचिव डॉ. विभाष प्रियदर्शी और कोषाध्यक्ष रोटेरियन हर्षित जैन, रोटेरियन डॉ. अरुण कुमार, रोटेरियन विश्वप्रकाश, विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार, शिक्षक राकेश बिहारी शर्मा, सच्चिदानंद प्रसाद, अरविंद कुमार शुक्ला, सुरेश कुमार जितेंद्र कुमार मेहता, अनुज कुमार, सुरेन्द्र कुमार, पूजा कुमारी, सतीश कुमार मो. रिजवान आफताब, मनुशेखर कुमार, मुकेश कुमार तथा अन्य रोटेरियन की मदद से सभी परियोजनाओं का नेतृत्व किया गया।

# डिग्री कॉलेज खोलने को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन




**नगरनौसा(नालंदा)(नवशक्ति)।** नगरनौसा प्रखंड में डिग्री कॉलेज खोलने को लेकर एसएफआई के द्वारा सोमवार के दिन बीडीओ को ज्ञापन सौंपा गया।

इस बात की जानकारी देते हुए एसएफआई बिहार के राज्य अध्यक्ष कांति कुमारी ने कहा कि नगरनौसा प्रखंड से हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं इंटर पास करती है लेकिन उच्च्य शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रखंड में एक भी डिग्री कॉलेज नहीं होने के कारण उन्हें प्रखंड से बाहर जाकर पढ़ाई पूरी करनी पड़ती है ।साधन संपन्न छात्र-छात्राएं तो अपनी पढ़ाई लगातार जारी रखते हैं, लेकिन गरीब छात्र-छात्राएं अपनी पढ़ाई नियमित नहीं कर पाते हैं ।उनका पढ़ाई रास्ते मे ही छूट जाती है।

मौके पर जय प्रकाश कुमार,धर्मदेव कुमार,धर्मेंद्र कुमार, उपेंद्र कुमार,गौरव कुमार,शिवानी कुमारी,बर्षा कुमारी,नंदनी कुमारी सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# बाइक व कार में जबरदस्त टक्कर, तीन छात्र जख्मी

**हरनौत(नालंदा)(नवशक्ति)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एनएच 30 ए बिहटा- सकसोहरा मार्ग पर चेरन गांव के पास सोमवार की दोपहर कार और मोटरसाइकिल के बीच आमने-सामने की टक्कर में मोटरसाइकिल पर सवार दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए।



घटनास्थल पर प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के अनुसार कार संख्या बीआर 01 सीएम 6962 में पटना तरफ से आ रही थी ।इसी दौरान सकसोहरा तरफ से आ रही तेज रफ्तार बाइक पर तीन छात्र सवार थे और उक्त घटनास्थल पर दोनों वाहनों में आमने-सामने की टक्कर से बाइक पर सवार दो छात्र जख्मी हो गए। जबकि उसी बाइक पर सवार एक छात्र को हल्की चोट लगी।

जख्मी की पहचान थाना क्षेत्र के जोरारपुर गांव के पप्पू यादव के पुत्र कुणाल कुमार, राणा रणजीत सिंह के पुत्र अंकित कुमार एवं एक अन्य चेरन गांव के शामिल था ।स्थानीय लोगों ने थाना को सूचना दिया ।तद उपरांत स्थानीय पीएचसी में भर्ती कराया गया । जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए विम्स पावापुरी रेफर कर दिया। वहीं एचएचओ मो. अबू तालिब अंसारी ने बताया कि बाईक व कार पर सवार में टक्कर हुई। दोनों को चोटें लगी है। किसी प्रकार का आवेदन नहीं पड़ा है।

# 13 जुलाई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलता हेतु समीक्षात्मक बैठक

**जहानाबाद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण दिल्ली के निदेशानुसार दिनांक 13 जुलाई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलता हेतु ब्रजेश कुमार जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने अपने प्रकोष्ठ में जहानाबाद एवं अरवल जिले के न्यायिक पदाधिकारी गण के साथ समीक्षा बैठक की । अरवल जिले के सभी न्यायिक पदाधिकारी गण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम इस बैठक में भाग लिए। जिला जज ने कहा कि अब तक 80 मामलों का प्रिसीटिंग, दोनों जिले में किया जा चुका है, जो कि से लक्ष्य से काफी कम है व पर्याप्त नहीं है,उसमें तेजी लाएं। हमारे पारा विधिक स्वयंसेवक नोटिस को तामिला सुनिश्चित कर तामिल प्रतिवेदन समर्पित करते जा रहे हैं। इसके माध्यम से प्रि सीटिंग के लिए पक्षकार से संपर्क स्थापित करना सुनिश्चित करें ।प्रत्येक दिन ऐसा करने से आवश्यक रूप से मामले की निष्पादन में बढ़ोतरी होगी। जिला जज ने प्रभारी मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ,अदिति कुमारी से विशेष रूप से कहा कि आप ज्यादा निष्पादन कराने की दिशा में सार्थक पहल करें। जिला जज ने सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देशित किया की पुलिस के माध्यम से भेजे गए नोटिस को तामिला कराने की दिशा में सार्थक पहल कर तामिल प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि ज्यादा से ज्यादा मामलों का निष्पादन किया जा सके तथा इसका व्यापक रुप से जागरुकता के माध्यम से प्रचार प्रसार कराना सुनिश्चित करें। आगामी 29 जुलाई से 3 अगस्त तक माननीय सर्वोच्च न्यायालय में विशेष लोक के संदर्भ में भी आम जनों को इसकी जानकारी उपलब्ध कराये। इस बैठक में सचिव रंजीत कुमार , अदिति कुमारी प्रभारी मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी अनीश कुमार ,कुमारी डिंपी, आलोक कुमार , एवं अरवल जिले के सभी न्यायिक पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे।

# नए कानून के मुताबिक शादीशुदा महिला को फुसलाना अब अपराध है : शैलेश कुमार झा



**नगरनौसा(नालंदा)(नवशक्ति)।** नगरनौसा थाना परीसर में थानाध्यक्ष शैलेश कुमार झा के नेतृत्व में 1 जुलाई से लागू हुए तीन आपराधिक कानून को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया ।जिसमें थाना क्षेत्र के बुद्धिजीवी लोग शामिल हुए।

नए कानूनों में महिलाओं, बच्चों और जानवरों से जुड़ी हिंसा के कानूनों को सख्त किया गया है। इसके अलावा कई प्रोसीजरल बदलाव भी हुए है, जैसे अब घर बैठे ई-एफआईआर दर्ज करा सकते हैं ।उन्होंने बताया कि पुराने कानून को खत्म करते हुए तीन नए कानून बनाए गए हैं। नए कानून में इलेक्ट्रानिक साक्ष्य को भी मान्य किया गया है। अब मर्डर करने पर धारा 302 नहीं 101 लगेगी। धोखाधड़ी के लिए धारा 420 अब 318 हो गई है। रेप की धारा 375 नहीं, अब 63 है। शादीशुदा महिला को फुसलाना अब अपराध है ।मौके पर अजय कुमार, विकाश कुमार, सतीशचंद्र प्रसाद आदि उपस्थित थे।

नव शक्ति समाचार पत्र मैं प्रकाशित सामग्री को मौलिक समझकर छापा जाता है। अतः कॉपीराइट संबंधी कोई कार्रवाई संपादक, प्रकाशन एवं मुदक पर नहीं की जा सकती है। दावा करने वाले रचनाकार और चित्रकार से संपर्क करें। समस्त विवादों का निपटारा पटना उच्च न्यायालय क्षेत्रान्तर्गत होगा।
प्रधान कार्यालयः कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हडताली मोड़ पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना-800023 संपादक प्रकाशक - मुद्रक एवं स्वामीः जयप्रकाश चौधरी, कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हडताली मोड़, पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना द्वारा एसेन कम्प्यूटर, डा.एनी बेसेन्ट रोड, पटना-4 से मुद्रित। सम्पर्क नम्बरः 9473032029, 9939472461 ईमेल- navshakti2010@gmail.com RNI- BIHHIN/2012/43368

# मांझांगढ़ थाना परिसर मे कानून मेला का किया गया आयोजन

## भारतीय संसद से पारित नए कानून की जानकारी जनप्रतिनिधियों को दी गयी

**संवाददाता सुदीश श्रीवास्तव मांझांगढ़।** गोपालगज अंग्रेजो के साशन काल से लागु कानून मे संसोधन कर भारतीय संसद से पारित नए कानून लागु हो गयी जिसकी जानकारी देने हेतु मांझांगढ़ थाना परिसर मे कानून मेला का आयोजन सदर इंस्पेक्टर हरेंद्र प्रसाद के नेतृत्व मे थाना प्रभारी संग्राम सिंह ने किया कानून मेला मे पहुँचे जनप्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए थाना प्रभारी ने नए कानून की जानकारी जन प्रतिनिधियों को देते हुए बताया की अंग्रेजो के साशनकाल से चले आ रहे कानून मे बदलाव करते हुए भारतीय संसद परित कानून को आज से लागु किया जा रहा है हत्या के लिए बने कानून302 की जगह धारा 101धोखा धरी के लिए 420 की बदले 418रेप के लिए 375 की बदले63 गैंग रेप 376 डी के बदले 70 गैर कानूनी सभा 141,144के बदले187,189 दंगे के लिए146 बदले 191दहेज हत्या के लिए 304 की बदले 80 हत्या की प्रयास के लिए 307 की बदले 109 मान हानी के लिए 499 के बदले 356 किडनैपिंग के लिए 359 के बदले 137 एव पिछा करने के लिए 78 लागु किया गया है। नए अपराधिक कानून को नागरिक केंद्रित बनाने की दिशा मे पहल करते हुए पीड़ित व्यक्ति का प्राथमिकी निशुल्क प्रति उपलब्ध कराने तथा कही से भी प्राथमिकी पीड़ित व्यक्ति के द्वारा दर्ज कराया जा सकता है पीड़ित को 90 दिनो के अंदर जाँच की प्रगति के संबंधित सूचना कराने तथा महिला अपराध के सबंध मे 24 घंटे के अंदर पीड़िता के सहमति से मेडिकल जाँच कराकर चिकित्सक के द्वारा 07 दिनों के अंदर पीड़ित महिला का मेडिकल रिपोर्ट भेजने एव कानूनी जाँच और पूछताछ एव मुकदमे की



कार्यवाही को इलेक्ट्रॉनिक रूप से आयोजित करने का प्रवधान किया गया है तथा अभियोजन पक्ष की मदद के लिए नागरिकों को खुद का कानूनी प्रतिनिधत्व करने का अधिकार प्रदान की गयी है। न्याय प्राणली मे टेक्नॉलौजी पर जोड़ देते हुए क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम के सभी चरणों का डिजिटल रूपांतर किया गया है जिसमे ई नोटिश इलेक्ट्रीनिक दस्तावेज प्रस्तुत करने ई ट्रायल आदि शामिल है नए कानून के तहत पीड़ित व्यक्ति ई व्यान दे सकते है तथा ऑन लाइन प्राथमिकी दर्ज करा सकते है इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से गवाहो अभियुक्तों विशेषज्ञो और पीड़ितों की उपस्थति के लिए अप्रेन्स की शुरआत की गयी है इस कानून के अनुसार तलाशी वीडियो ग्राफी की जाएगी महिलाओ और बच्चो के साथ होने वाले अपराध से निपटने के लिए 37 धाराओं को शामिल किया गया है पीड़ित और अपराधी से निपटने के लियेअप्राधों का न्यूट्रल बनाया गया है 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की के साथ समूहिक बलात्कार होने पर दोषी को आजीवन करवास से लेकर मृत्युदंड की सजा देने की प्रवधान किया गया है। इस मौके पर एस आई सोमदेव कुमार झा ललित कुमार ललन सहित अन्य पुलिस ऑफिसर और मुखिया राधा रमण मिश्र अब्दुल कुडूस गोरख साह पुर्व मुखिया अवधेश प्रसाद राजद् नेता सुनिल् बारी सहित सैकड़ो जनप्रतिनिधि तथा पत्रकार सुदिश श्रीवास्तव, राजेश प्रसाद अखिल, राजन पाण्डेय मौके पर उपस्थित थे।

# आग लगने से आधा दर्जन महादलित हुए बेघर

**संवाददाता नगर गोपालगंज अनिकेत मिश्रा।** गोपालगंज बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के राजा पट्टी कोठी पर लगभग आधा दर्जन से अधिक महादलित परिवार के लोग काफी दिनों से रहते चले आ रहे हैं उन्हें स्थानीय अंचल कार्यालय से बासगीत पर्चा भी दिया गया था और वह झोपड़ी बनाकर रहते थे इसी बीच 20 अप्रैल को उनके झोपड़ी में आग लग गई और मकान जल कर राख हो गया इसके बाद स्थानीय प्रशासन उनकी सहायता करने के वजह पीड़ितों का आरोप है कि दबंगों के साथ मिलकर उनके बचे खुचे झोपड़ी पर बुलडोजर चला दिया और उन्हें वहां से उजाड़ फेंकने पर उतारू है।पीड़ितों में योगेंद्र डोम,दिलीप डोम,राजेश डोम,प्रवेश डोम,शिव देनी डोम, मनोज डोम,और संतोष डोम गोपालगंज पहुंचकर जिला प्रशासन से सहायता की गुहार लगा रहे हैं। इस मामले में स्थानीय कुछ जनप्रतिनिधि भी उनकी



आवाज को बुलंद करने के लिए प्रशासन के पास आए हुए थे जिसमें रवि रंजन उर्फ विजय बहादुर यादव,डॉक्टर वकील राय,चंदन यादव,और रितेश यादव का नाम शामिल है इन लोगों ने कहा कि अगर इन महादलित परिवार के साथ प्रशासन न्याय नहीं करता है तो इसके लिए सड़क पर उतरकर आंदोलन भी किया जाएगा पूर्व जिला परिषद के सदस्य रवि रंजन ने कहा की स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर दबंग लोग इन महादलित की भूमि को हड़पना चाहते है। परंतु हम उनकी आवाज को दबने नहीं देंगे और हर हाल में इन्हें इंसाफ दिलाने के लिए लड़ाई लड़ी जाएगी। वर्तमान में यह महादलित परिवार खुले आसमान के नीचे रात गुजारने को मजबूर है आखिर किन परिस्थिति में प्रशासन के द्वारा इन्हें पर्चा देने के बाद भी बेदखल किया जा रहा है और दूसरे जगह पर इनका कोई इंतजाम भी नहीं करवाया जा रहा है।

## सुरेश चन्द्र पाण्डेय को प्रखंड वाल संरक्षण समिति के सदस्य नामित करने पर लोगों ने दी बधाई



**संवाददाता/शंकर जी/विजयीपुर।** विजयीपुर प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत प्रमुख समाज सेवी एवं आर टी आई एक्टिविष्ट समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय गैर-सरकारी संगठन की नई दिल्ली शाखा द्वारा मैन ऑफ एचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित सुरेश चन्द्र पाण्डेय (त्यागी) को विजयीपुर प्रखंड वाल संरक्षण समिति जिला गोपालगंज को श्री देवरहा बाबा शिक्षण संस्थान इन्दिरा नगर पगरा मठिया पोस्ट सहडिगरी विजयीपुर के प्रति निधि के रूप में सदस्य नामित किया गया है। सनद रहे कि सहायक निदेशक जिला वाल संरक्षण इकाई गोपालगंज द्वारा जारी पत्र संख्या 207 दिनांक 05/3/24 के आलोक में वाल विकास परियोजना पदाधिकारी विजयीपुर जिला गोपालगंज द्वारा जारी पत्र संख्या 404 दिनांक 28/624 द्वारा श्री पाण्डेय को प्रखंड वाल संरक्षण समिति विजयीपुर जिला गोपालगंज का सदस्य नामित किया गया है।

श्री पाण्डेय को प्रखंड वाल संरक्षण समिति विजयीपुर का सदस्य नामित किए जाने पर नागरिक अधिकार मंच विजयीपुर के अध्यक्ष दीपक कुमार मिश्र, जिला जनता दल यूनाइटेड के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल,भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी गोपालगंज वरीय सदस्य नूरुल हसन,अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा गोपालगंज के अध्यक्ष पं राजेन्द्र पाण्डेय, भारतीय जनता पार्टी गोपालगंज के वरीय नेता शिव कुमार उपाध्याय, पंडित मंजेश पाण्डेय एवं पत्रकार शंकर जी सहित दर्जनों लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बंधाई दीऔर आशा जताई है कि श्री पाण्डेय के सहयोग से प्रखंड के अंतर्गत वाल संरक्षण कार्य क्रम को सफल बनाने में मदद मिलेगी।

## 11 पशुओं से लदा पिकअप जब्त एक पशु तस्कर गिरफ्तार



**संवाददाता संतोष पाठक कुचायकोट।** कुचायकोट थाना क्षेत्र के बलथरी चेक पोस्ट पर पुलिस ने वाहन जांच के क्रम बड़ी करवाई करते हुए एक पिकअप से 11 पशुओं को बरामद किया। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक पशु तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किया गया पशु तस्कर गोपालपुर थाना क्षेत्र के अहिरौली दुबौली टोला तकिया गांव निवासी गुडन अली बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार कुचायकोट पुलिस की एक टीम सोमवार के सुबह थाना क्षेत्र के बलथरी चेक पोस्ट पर वाहनों की जांच कर रही थी। इस क्रम में उत्तर प्रदेश के तरफ से आ रहे एक पिकअप को पुलिस ने जब रुकने का इशारा किया तो पिकअप चालक पिकअप को लेकर भागने की कोशिश करने लगा।जिसके बाद पुलिस ने पीछा कर पिकअप को पकड़ा कर जब उसकी तलाशी ली तो उस पर लदे 11 पशुओं को बरामद किया।जिसके बाद पुलिस ने पिकअप चालक को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस ने पूछताछ के बाद गिरफ्तार चालक के खिलाफ सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी कर उसे आगे की कार्रवाई के लिए न्यायालय में भेज दिया।

## बड़बोले है,भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी : गुड्डू यादव



**बांका( संवाददाता)।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी बड़बोले है ,यही आदत के कारण उनकी भद्द पिटा जाता है ।उक्त बातें युवा राजद के प्रदेश महासचिव सह संगठन प्रभारी भागलपुर गुड्डू यादव ने कही। आगे भागलपुर प्रभारी गुड्डू यादव ने कहा की मैं व्यक्तिगत रूप से उन्हें जानता हूँ ।जब उनके पिता शकुनि चौधरी जी बाँका लोकसभा से वर्ष 1999 में राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवार थे तब मैं एक कार्यकर्ता होने के नाते उनके चुनाव में उस समय अमरपुर के विधायक सह बिहार सरकार में स्वास्थ राज्य मंत्री सुरेंद्र सिंह जी के साथ रात दिन एक कर दिये थे ।उस वक्त भी इनकी बातें बेसिर पैर के हीं होती थी।और आज भी वही हाल है ।जब अपने माता जी के देहावसान के बाद श्राद कार्यक्रम के दौरान अपना सर मुड़वाया तो सर को ढकने के लिए उन्होंने गमछे का मुरेठा बंधा ।दो चार दीनौ बाद जब पत्रकारों ने मुरेठा को ले सवाल किया तो अपने बड़बोले पन के चक्कर में बोल दिये की जब तक वर्तमान मुख्यमंत्री नीतिस कुमार जी को गद्दी से उतार नहीं देंगे तब तक यह मुरेठा नहीं खोलेंगे ।बस यही बात बोल कर फस गए सम्राट चौधरी आज उनके द्वारा कही गई बात उनके हीं गले की फाँस बन गई ।अब नीतिस कुमार के पैर पूजा के अलावा कोई उपाय उन्हें नजर नहीं आ रहा तो वो अब अयोध्या में जा अपना मुंडन संस्कार करा मुरेठा अध्याय का अंत करने कल जा रहे है ।

## थावे में लगा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



**संवाददाता प्रदीप कुमार श्रीवास्तव थावे।** थावे प्रखंड के थावे बस स्टैंड के समीप रविवार को लायंस क्लब थावे मां भवानी के अध्यक्ष अशोक शर्मा की अध्यक्षता में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन रविवार को किया गया।स्वास्थय शिविर में डा श्रीराम प्रजापति व डा सुनील कुमार के द्वारा लगभग 55 लोगों के रक्त चाप व मधुमेह आदि रोग की जांच कर उचित परामर्श दिया गया।मौके पर लायंस क्लब के चार्टर प्रेसिडेंट अविनाश उपाध्याय उर्फ मिलन उपाध्याय,उपाध्यक्ष गोविंद गुप्ता ऊर्फ गप्पू गुप्ता और सचिव राजीव रंजन सहित लायंस क्लब के सदस्य मौजूद रहे।

# पूरे देश की तरह गोपालगंज में भी नया कानून लागू

**संवाददाता नगर गोपालगंज अनिकेत मिश्रा।** गोपालगंज पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने पूरे जिले में भारत सरकार द्वारा लागू किए गए तीन नए कानून को लेकर प्रेस वार्ता की उन्होंने बताया की अंग्रेजों के जमाने से चली आ रही तीन कानून को भारत सरकार ने बदल दिया है। जिसमें भारतीय दंड संहीता 1860 की जगह अब भारतीय न्याय संहिता 2023 तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 के जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 और दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की जगह भारतीय न्याय संहिता 2023 अब लागू हो गया। उन्होंने कहा कि अंग्रेज हमारे ऊपर शासन करते थे इसलिए वे नागरिकों को दंड देने को लेकर कानून का बना रखे थे।परंतु वर्तमान सरकार भारत के नागरिकों को न्याय देने और उनकी सुरक्षा को लेकर कानून में बदलाव की है। इसलिए दंड के जगह न्याय और सुरक्षा की बात की जा रही है पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नए कानून के अनुसार जो बड़े बदलाव नजर आ रहे हैं उनमें अगर किसी युवती से दुष्कर्म होता है या गैंग



रेप जैसी घटना आती है तो उसमें उम्र कैद या मृत्यु दंड तक का प्रावधान है इसके अलावा मभ लिंचिंग में भी उम्र कैद और मृत्यु दंड का प्रावधान है।साथ ही 120 दिन में कोर्ट को भी केस की सुनवाई पर ट्रायल पूरा करते हुए सजा सुना देने की समय सीमा निर्धारित कर दी गई है। इसके अलावे पुलिस को भी अधिकतम 90 दिन में केस की जांच पूरा करने के लिए समय सीमा निर्धारित कर दिया गया है। इसके अलावा अब डिजिटल तौर पर दुनिया के किसी भी कोने से प्राथमिकी दर्ज करवाई जा सकती है और डिजिटल साक्ष्य को भी महत्वपूर्ण कर दिया गया है कोर्ट को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी गवाही और ट्रायल इत्यादि को लेकर कानूनी मान्यता दी गई है। पुलिस को डायरी और बयान आदि को संग्रहित करने के लिए डिजिटल तौर पर भी स्वीकृति मिली है जिसमें नोटिस, ट्रायल रिकॉर्ड, फॉरेंसिक, केस डायरी,यह सब सुरक्षित रखा जाएगा फोटोग्राफी के लिए बिहार पुलिस के सभी अनुसंधान कर्ताओं को लैपटॉप और मोबाइल उपलब्ध कराए जाएंगे प्रत्येक थानो का नए उपकरणों के साथ आधुनिकीकरण किया जा रहा है बढ़ते हुए साइबर अपराध को नियंत्रित करने के लिए सबूत के प्रबंध,अनुसंधान और साइबर सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला की स्थापना भी राज्य में की जाएगी पुलिस हर पीड़ित को उसके केस से संबंधित अपडेट लगातार देती रहेगी 90 दिनों के अंदर जांच पूरा करना है और इसमें हर प्रगति को लेकर पीड़ित को सूचित करना भी अनिवार्य है

महिला अपराध में 24 घंटे के अंदर पीड़िता की सहमति से मेडिकल जांच होगी और एक हफ्तों में उसकी मेडिकल रिपोर्ट भी दे देनी है वही अभियोजन पक्ष की मदद के लिए नागरिकों को खुद का कानूनी प्रतिनिधित्व करने का अधिकार है।

नए कानून में पीड़ित को मुआवजा और उसके मुफ्त इलाज का भी अधिकार दिया गया है और केस वापसी के पहले न्यायालय को पीड़ित की बात भी सुनने का अधिकार दिया गया है।

## जिले के सरकारी स्कूलों में 2 से 08 तक लगेगा समर कैंप

**संवाददाता पंचदेवरी सुनील कुमार गुप्ता।** गोपालगंज जिले की सरकारी विद्यालयों के बच्चे समर कैंप के माध्यम से पर्यावरण को बचाने के बारे में जानकारी हासिल करेंगे। इसे लेकर एक से आठ जुलाई तक समर कैंप का अयोजन किया जाएगा। इस दौरान मिशन लाइफ के तहत इको क्लब के माध्यम से गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा। समर कैंप के आयोजन को लेकर बिहार शिक्षा परियोजना परिषद की प्रशासी पदाधिकारी शाहजहां ने जिला शिक्षा पदाधिकारी व कार्यक्रम पदाधिकारी को पत्र लिखा है। पत्र के आलोक में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया है । पत्र में कहा गया है कि संयुक्त सचिव शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के पत्र के आलोक में एक से आठ जुलाई तक समर कैंप का आयोजन करना है। मिशन लाइफ अंतर्गत इको क्लब के माध्यम से सात दिनों तक अलग-अलग थीम पर गतिविधियों का क्रियान्वयन कराने का निर्देश मिला है। साथ ही सातों दिनों की गतिविधियों का प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया है। वहीं समर कैंप के प्रथम दिन स्वस्थ्य जीवन शैली के अंतर्गत गतिविधियों में प्राकृतिक स्थल का भ्रमण कराना, मरूस्थलीकरण,भूमि पुनर्स्थापन, सूखा प्रतिरोधक क्षमता के बारे में जानना, पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी, पौधारोपण अभियान चलाना व पास के गावों की यात्रा शामिल है। वहीं दूसरे दिन सतत खाद्य प्रणाली अपनाने के अंतर्गत पोषण बाल वाटिका का निर्माण, तीसरे दिन ई-कचरा कम करने को लेकर संग्रह अभियान आयोजित करना,चौथे दिन कचरा कम फैलाएं के अंतर्गत साफ-सफाई अभियान आयोजित करना,पांचवें दिन उर्जा की बचत अंतर्गत उर्जा से संबंधित गतिविधियां आयोजित करना,छठे दिन जल संरक्षण के अंतर्गत जल संरक्षण को लेकर जागरूक करना व सातवें दिन एकल प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने पर सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों को एकल प्लास्टिक को न कहें की गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। डीपीओ ने पत्र में सभी स्कूलों के प्रधानाध्यपकों को कहा है कि प्रतिदिन आयोजित होने वाली गतिविधियों का प्रतिवेदन जिला को उपलब्ध कराएंगे।

## जिले के सरकारी स्कूल आज से 9 से 3.15 बजे तक हो रही संचालित

**संवाददाता सुनील कुमार गुप्ता पंचदेवरी।** गोपालगंज जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में आज से सुबह 9:00 बजे से 3:15 बजे तक कक्षाएं संचालित होंगी। 3:15 बजे से 4:00 बजे तक कमजोर बच्चों के लिए स्पेशल क्लास का संचालन होगा।चार बजे के बाद शिक्षक बच्चों का होमवर्क चेक करेंगे, मिशन दक्ष के बच्चों का प्रोफाइल बनाएंगे, साप्ताहिक मूल्यांकन के आधार पर बच्चों का प्रोफाइल तैयार करेंगे। उसके बाद 4:30 बजे छुट्टी होगी। शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी सरकारी स्कूलों (संस्कृत विद्यालय व मदरसा समेत) के लिए एक जुलाई से नयी समय-सारणी तय की है। शिक्षकों के लिए प्रति सप्ताह न्यूनतम 45 शिक्षण घंटे तय किये गये हैं,जिसमें तैयारी के घंटे भी शामिल हैं। इसलिए सोमवार से शनिवार तक प्रतिदिन साढ़े सात घंटे शिक्षक कार्य करेंगे। नौ से सवा नौ बजे तक प्रार्थना-व्यायाम होगा। शिक्षक दस मिनट पहले आएंगे। पहली घंटी 9.15 से 9.55, दूसरी 9.55 से 10.35, तीसरी 10.35 से 11.15 तथा चौथी घंटी 11.15 से 11.55 बजे तक चलेगी। 11.55 से 12.35 तक मध्यांतर होगा। पांचवीं घंटी 12.35, छठी 1.15, सातवीं 1.55 तथा आठवीं घंटी 2.35 से शुरू होगी। बच्चों की छुट्टी 3.15 बजे हो जाएगी। 3.15 से चार बजे तक मिशन दक्ष के अंतर्गत विशेष कक्षा चलेगी। चार बजे के बाद शिक्षक बच्चों का होमवर्क चेक करेंगे, मिशन दक्ष के बच्चों का प्रोफाइल बनाएंगे, साप्ताहिक मूल्यांकन के आधार पर बच्चों का प्रोफाइल तैयार करेंगे। उसके बाद छुट्टी कर घर जाएंगे। परीक्षा के दौरान वर्ग संचालन नहीं होने पर होगी कार्रवाई स्कूल में परीक्षा के दौरान वर्ग संचालन नहीं होने पर संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई होगी। किसी भी वर्ग की परीक्षा होने पर अन्य वर्गों की कक्षाएं किसी भी परिस्थिति में स्थगित नहीं होगी। बता दें कि शिक्षकों को अब ऑनलाइन उपस्थिति भी दर्ज करनी है।

## 630 लीटर देशी शराब व पिकअप के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**संवाददाता रजत मिश्र कटेया।** कटेया थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्रामीण बैंक जमुनहा के समीप एक पिकअप गाड़ी से 630 लीटर देशी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तस्कर पटना जिला अंतर्गत फतुहा थाना क्षेत्र के मोजीपुर निवासी राजू कुमार एवं विनोद कुमार बताए जा रहे हैं।

बताया जाता है कि थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार पुलिस बल के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे।तभी गुप्त सूचना मिली कि एक पिकअप से अवैध शराब लाई जा रही है।पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्रामीण बैंक जमुनहा के समीप वाहनों की जांच शुरू कर दी।तभी एक पिकअप गाड़ी जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 06,जीए 6226 आता दिखाई दिया।जिसमें दो लोग सवार थे। शक होने पर पुलिस बल के द्वारा पिकअप को रोक उसमें सवार दोनों युवकों को घेरा में लेकर पिकअप की तलाशी ली गई तो 70 कार्टून में छुपा के रखें 630 लीटर देशी शराब बरामद किया गया।पुलिस ने बरामद शराब एवं पिकअप को जप्त करने के साथ ही घेरा में लिए गए दोनों युवकों को गिरफ्तार कर थाने लाई और अग्रिम कार्यवाही में जुट गई।

## शराब तस्कर और पुलिस के बीच हुआ भिड़ंत दोनों गाड़ी हुआ क्षतिग्रस्त



**मो.जमीरुल हक हथुआ गोपालगंज।** गोपालगंज जिला के मीरगंज थाना अंतर्गत एकडंगा गांव के समीप शराब तस्कर एवं पुलिस की गाड़ी में टक्कर हो गई जिससे शराब तस्कर की गाड़ी एवं पुलिस की गाड़ी पूरी तरह से छतिग्रस्त हो गया। बताया जाता है की एक शराब तस्कर की गाड़ी को पीछा करते हुए श्रीपुर थाने के पुलिस ने एकडंगा गांव के करीब तस्कर के गाड़ी से भिड़ंत हो गई तथा दोनो गाड़ी वहां छतिग्रस्त हो गया। वही स्थानीय लोगो के साथ स्थानीय मुखिया इंद्रजीत राम का कहना है की पुलिस के द्वारा शराबा और शराब तस्कर को भगा दिया गया। जिसके बाद ग्रामीण उग्र हो गए तथा पुलिस के द्वारा शराब तस्कर को भागने का आरोप लगा कर बवाल करने लगे दूसरी तरफ पीछा कर रहे पुलिस पदाधिकारियों को स्थानीय ग्रामीणों ने अपने घर में उन्हें बचाया। मौके पर हथुआ रउट अभिषेक कुमार एवं हथुआ रउढड आनंद मोहन गुप्ता ने पहुंच कर लोगो को समझा बुझा कर मामले को शांत कराया। हथुआ रउढड ने बताया की तस्करों के खिलाफ कारवाई में ग्रामीणों द्वारा सरकारी कार्यो में व्यवधान उत्पन्न करने की कोशिश की गई है प्राथमिकी दर्ज कर करवाई की जा रही है।

## शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार

**संवाददाता प्रदीप कुमार श्रीवास्तव थावे।** थावे पुलिस ने संध्या गस्ती में छापेमारी कर शराब के साथ दो युवको को कबिलासपुर नहर पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया।थानाध्यक्ष धीरज कुमार राम ने बताया कि गिरफ्तार युवक कबिलासपुर गांव के सिकन्दर चौधरी के पास से एक बोतल और नगर थाना क्षेत्र के हरखूआ गांव के ओमप्रकाश गुप्ता के पास से एक बोतल देशी शराब बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि दोनो युवको के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी कर सोमवार को न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया गया। छापेमारी के दौरान अपर थानाध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार आदि पुलिस बल मौजूद ।

## शिक्षक नेता की मनाई गई पुण्यतिथि

**संवाददाता प्रदीप कुमार श्रीवास्तव थावे।** थावे प्रखंड के जगमलवा पंचायत के बेदूटोला गांव में पूर्व शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष रामेश्वर उपाध्याय की पांचवी पुण्यतिथि मनाई गई।उनके तैलीय चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।मौके पर अविनाश उपाध्याय,नित्यानंद उपाध्याय, विवेकानंद उपाध्याय,अशोक शर्मा,गोविन्द गुप्ता व दयाशंकर पांडेय आदि मौजूद थे।

## नए कानून के तहत थावे थाने में हुई पहली प्राथमिकी

**संवाददाता प्रदीप कुमार श्रीवास्तव थावे।** नए कानून के तहत थावे थाने में पहली प्राथमिकी भूमि विवाद और मारपीट को लेकर थाना क्षेत्र के गवन्दरी गांव के ओसिहर मियां ने थाने में छह लोगों के विरुद्ध कराई है। यह घटना 25 जून की बताई जा रही है। प्राथमिकी में ओसिहर मिया ने आरोप लगाया है कि अपने जमीन पर मकान बनवाने के लिए नीव निकालकर पांच फीट दीवार खड़े कर दिए है। मकान के नीव के पास मिट्टी भरवा रहे थे।उसी दौरान मेरे पट्टीदार साहेब हुसैन सहित अन्य लोग आए गाली गलौज करते हुए मिट्टी भरने का काम रोक दिए।इसके साथ ही पॉकेट से 11 हजार रुपये निकाल लिए।इसको लेकर 27 जून को पंचायती भी हुई। जिसको लेकर ओसिहर मियां ने थाने में साहेब हुसैन,कलामुद्दीन, सद्दाम हुसैन,सैफ अली, इरशाद आलम और अलिअकबर सहित छह लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है।पुलिस प्राथमिकी कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## शराब के साथ तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार पिकप हुइ जब्त

**संवाददाता सुदीश श्रीवास्तव मांझागढ़।** मांझागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत मांझांगढ़ पुलिस ने अलग अलग जगहों पर छापेमारी कर एक पिकप पर लोड 151 लीटर देशी शराब तथा अन्य जगहों से 36 लीटर चुलाई शराब के साथ चार तस्कर और शराब पिने के मामले मे दस लोगो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे भेजा ।

## थाने में कार्यक्रम आयोजित कर नये कानूनों के बारे में दी गई जानकारी



**संवाददाता संतोष पाठक कुचायकोट।** कुचायकोट प्रखंड के तीनों थाने के प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को 1 जुलाई से लागू हुई नए आपराधिक कानून के बारे में जानकारी दी गई इस मौके पर थाना क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधि विद्यालय के बच्चों तथा गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया था कुचायकोट थाना प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में थानाध्यक्ष सुनील कुमार के अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को नए कानून के बारे में जानकारी दी गई सदर इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने लोगों से कहा कि नए कानून लागू होने से लोगों को सुविधा होगी और तकनीकी के माध्यम से लोग अपनी शिकायत थाने तक पहुंच सकेंगे उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ लोगों के सुविधा तकनीकी के प्रयोग और त्वरित न्याय को ध्यान में रखते हुए कानून के नए प्रावधान लागू किए गए हैं। इस मौके पर प्रखंड के कई विद्यालयों के बच्चे पंचायत प्रतिनिधि तथा गणमान्य लोग मौजूद रहे गोपालपुर थाना प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में थाना अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने उपस्थित लोगों के बीच नए कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दी वही विशंभर पुर थाना प्रांगण में थाना अध्यक्ष मनोज कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में नए आपराधिक कानून से संबंधित जानकारी दी गई। वही मौके पर अपर थानाध्यक्ष विशाल कुमार,एसआई प्रिंस कुमार, सोनू कुमार, मौजूद रहे।

## कटेया में नए कानून को लेकर लोगों को दी गई जानकारी




**संवाददाता रजत मिश्र कटेया।** कटेया थाना परिसर में सोमवार को थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया।जहां देश में 1 जुलाई से लागू होने वाले नए आपराधिक कानून के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। इस दौरान थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज से पूरे देश में तीन नए कानून लागू हो गए हैं। अब कहीं भी घटना होगा तो प्राथमिकी की जाएगी। पीड़ित को प्राथमिकी की निशुल्क छाया प्रति उपलब्ध कराई जाएगी।राजद्रोह की जगह देशद्रोह शब्द का इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने सबसे महत्वपूर्ण मॉब लीचिंग मामले में कहा कि अब दोषियों को मृत्युदंड देने तक का प्रावधान है।आगे उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम अपराधीयों,मोबाइल और इंटरनेट का दुरुपयोग करने वालों के लिए साइबर थाना में मुकदमा होगा। मौके पर जीतेंद्र द्विवेदी,रितेश राय,बबलू मद्धेशिया,दिनेश मिश्र, शैलेश चौबे सहित कई जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग मौजूद थे।